Freedom fighters pension cases pending with Punjab Government

228. SHRI N. RAJANGAM: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state what was the number of cases of freedom fighters/widows of freedom fighters pending for grant of pension by Punjab Government as on 28th February 1990?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED): According to information received from the Government of Punjab, 250 cases of freedom fighters/widows of deceased freedom fighters were pending for grant of pension by that Government on 28th February, 1990.

दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे के संबंध में सरकारिया समिति

229. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन के प्रशासनिक ढांचे में सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए 1987 में सरकारिया समिति का गठन किया गया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रारम्भ में इस समिति से अपना प्रतिवेदन छह महीने के भीतर प्रस्तुत करने को कहा गया था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस समिति का प्रतिवेदन समय पर प्राप्त न होने के कारण इसका कार्यकाल बार-बार बढ़ाया गया ; और

(घ) यदि हां, तो इसका कार्यकाल कितनी बार बढ़ाया गया ; यह कार्यकाल कुल कितने समय के लिए बढ़ाया गया था और सरकार द्वारा इस समिति पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) और (ख) जी हां, श्रीमान् ।

(ग) और (घ) अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 18 महीने की कुल अवधि के दौरान समिति के कार्यकाल को, कुल मिलाकर तीन बार बढ़ाया गया इस पर कुल 51,51,156 रुपये व्यय हुए ।

सांप्रदायिक स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकारों को सुझाव

239. **श्री राम जेठ मलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में सांप्रदायिक स्थिति से निपटने के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को कुछ अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय सुझाए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सुझाए गए इन उपायों का ब्यौरा क्या है और उन राज्यों के नाम क्या हैं ; जिन्होंने उक्त उपायों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) और (ख) केन्द्र सरकार ने साम्प्रदायिक स्थिति से निपटने के लिए राज्यों संघ शासित क्षेत्रों को संशोधित दिशा-निर्देश जारी करने का निर्णय लिया है, जिनमें अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय सुझाए गए हैं । इस समय इन दिशा-निर्देशों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनायें

231. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हमारे देश में सड़कों पर चलने वाले वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसी अनुपात में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है ;

(ग) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई इन सड़क दुर्घटनाओं की वर्षवार संख्या कितनी है और इनमें से ग्रामीण सड़कों पर और राष्ट्रीय राज